इंडियास्कल्सि 2023-24

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में कौशल वकिास और उद्यमता मंत्रालय ने **इंडिया स्कल्सि 2023-24** लॉन्च किया और **विश्व कौशल प्रतियोगिता** (WSC) **2022 के विजेताओं** को सम्मानित किया।

इंडिया स्कल्सि 2023-24:

- **परचिय:**
  - इंडिया स्कल्सि 2023-24 एक **कौशल वकिास प्रतियोगिता** है जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में **व्यक्तियों के कौशल को प्रोत्साहति करना और बढ़ाना है,** उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिताओं के लिये तैयार करना है।
  - इंडिया स्कल्सि, **वर्ल्ड स्कल्सि प्रतियोगिता का अग्रदूत है।** राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया स्कल्सि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी वैश्विक कार्यक्रम वर्ल्ड स्कल्सि में भाग लेंगे।
- **उद्देश्य:.**
  - **रोज़गार योग्य कौशल को बढ़ावा देना:** यह कार्यक्रम **बाज़ार की ज़रूरतों के अनुरूप** रोज़गार योग्य कौशल विकसित करने के महत्त्व को रेखांकित करता है, जिससे उद्योग के भीतर कार्यबल की स्वीकार्यता बढ़ती है।
  - **कौशल अंतराल का समाधान करना:** इसका उद्देश्य उद्योग में **आवश्यक कौशल की मैपिंग पर ज़ोर देकर कौशल अंतराल की पहचान करना और उसे पाटना,** अर्जित डिग्री और व्यावहारिक कौशल के बीच असमानता को कम करना है।
  - **दक्षताओं और ज्ञान का एकीकरण: 21वीं सदी में प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने के लिये व्यक्तियों को तैयार करने हेतु** दक्षताओं, व्यावहारिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण पर समान ज़ोर दिया जाता है।

विश्व कौशल प्रतियोगिता:

- **परचिय:**
  - वर्ल्ड स्कल्सि इंटरनेशनल द्वारा आयोजित वर्ल्ड स्कल्सि प्रतियोगिता द्विवार्षिक तौर पर आयोजित की जाती है और इसमें **86 सदस्य देश शामिल** होते हैं।
  - ये प्रतियोगिताएँ **उच्च प्रदर्शन के लिये एक बेंचमार्क** के **रूप में कार्य** करती हैं और **व्यावसायिक उत्कृष्टता का मूल्यांकन करने हेतु एक उद्देश्यपूर्ण साधन प्रदान** करती हैं।
- **WSC- 2022 में भारत का प्रदर्शन:**
  - भारतीय प्रतियोगियों का चयन **इंडिया स्कल्सि प्रतियोगिता 2021** के माध्यम से किया गया और उन्हें वर्ल्ड स्कल्सि इंडिया के विशेषज्ञों व प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।
  - भारत ने **50 कौशलों** में भाग लिया और **2 रजत पदक, 3 काँस्य पदक** तथा **उत्कृष्टता के लिये 13 पदक** के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के साथ **11वाँ स्थान** हासिल किया।
    - भागीदारी में होटल रिसेप्शनिस्ट, मेकैट्रॉनिक्स, मोबाइल रोबोटिक्स, जल प्रौद्योगिकी, बेकरी, वेब प्रौद्योगिकी आदि **विविध प्रकार के कौशल** शामिल थे।

कौशल वकिास के लिये सरकारी पहलें:

- [प्रधानमंत्री कौशल वकिास योजना](#) (PMKVY)
- [क्षेत्र कौशल परिषद](#) (Sector Skill Councils- SSC)
- राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढाँचा (National Skills Qualifications Framework- NSQF)
- [आजीविका संवर्द्धन के लिये कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता](#) (Skills Acquisition and Knowledge Awareness for Livelihood Promotion- SANKALP)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indiaskills-2023-24